दिनांक 08.07.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–2024 की उत्तर कुंजी जारी की।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने जोधपुर के सरदार पुलिस विश्वविद्यालय को अपने पाठ्यक्रमों को समयानुकूल उपयोगी बनाने को कहा।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा प्रदेश सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ सौलर उपकरणों के निर्माण का हब बने।
- राज्य में कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश – बांदीकुई और भरतपुर में सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर बरसात दर्ज।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी उत्तर कुंजी पर कल तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित होने की संभावना है। यह परीक्षा पहली बार हाइब्रिड आधार पर आयोजित की गई थी। 15 विषयों के लिए परीक्षा पेन–पेपर पर आधारित थी, जबकि अन्य 48 विषय कंप्यूटर आधारित थे। इस वर्ष, 261 केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के वास्ते आम प्रवेश परीक्षा के लिए तेरह लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था।

000

सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इनमें नीट–2024 परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार के आरोप तथा नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ कुल 38 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ सबसे पहले उन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी जिनमें गड़बड़ी के आधार पर पूरी परीक्षा को चुनौती देते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है। उसके बाद एनटीए और केंद्र की दलीलें सुनी जाएंगी। इससे पहले, शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक हलफनामे में, केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा था कि परीक्षा में गडबडियों के किसी भी सबूत के अभाव में परीक्षा दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवार प्रभावित होंगे।

0000

सर्वोच्च न्यायलय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करके महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आज मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। महिला और बाल विकास मंत्रालय को इस पर एक नीति तैयार करने के लिए हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नीति से जुड़ा यह मुद्दा अदालतों के संज्ञान का मुद्दा नहीं है। महिलाओं को ऐसी छुट्टी देने पर अदालत का निर्णय प्रतिकूल और हानिकारक साबित हो

सकता है क्योंकि नियोक्ता उन्हें काम पर रखने से बच सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि यह निर्देश राज्य सरकार को मासिक धर्म अवकाश की नीति पर स्वतंत्र निर्णय लेने में बाधा नहीं बनेगा।

000

प्रदेश में आकांक्षी जिलों और आशान्वित ब्लॉक्स में सम्पूर्णता अभियान के तहत विकास संबंधी 6 सूचकांकों को लेकर गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने जिले के कोटड़ी आशान्वित ब्लॉक में चल रहे अभियान की जानकारी दी।

.................

**000**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय  कृत्रिम बुद्धिमता एआई का अपराध अनुसंधान में सकारात्मक उपयोग करे। उन्होंने विश्वविद्यालय का आव्हान किया कि वे अपराध विज्ञान से जुड़े विभिन्न अनुशासनों में उत्कृष्ट शोध और प्रभावी पुलिस शिक्षण के लिए काम करें।

राज्यपाल आज जोधपुर स्थित सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के युग में साइबर अपराध सहित अन्य अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अपराधी तकनीक का इस्तेमाल करने लगे है, ऐसे में 'स्मार्ट पुलिसिंग' आज के समय की बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में पुलिस विश्वविद्यालय को अपने पाठ्यक्रमों को समयानुकूल, उपयोगी और अद्यतन बनाना होगा। साथ ही, विश्वविद्यालय को पुलिसिंग, आतंरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, फोरेंसिक साइंस क्षेत्रों में शोध को प्रभावी बनाना होगा। उन्होंने

कहा कि इससे पुलिसिंग की विभिन्न विधाओं में शोध और अनुसंधान में युवा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। समारोह में राज्यपाल ने कुल 10 दीक्षार्थियों को गोल्ड मैडल दिये। विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार 6 दीक्षार्थियों को पी.एच.डी की उपाधि दी गई। समारोह में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म भी मौजूद रहे।

000

---------------

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास हैं कि राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ ही सोलर उपकरणों की असेंबलिंग तथा मैन्यूफैक्चरिंग का हब बने। ऊर्जा मंत्री आज जयपुर में राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर से आयोजित भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों तथा सोलर उपकरणों की विनिर्माण इकाइयों से जुड़े उद्यमियों के साथ संवाद किया। श्री नागर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ही सोलर कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स के लगने से सोलर पैनल, सोलर केबल, एलुमिनियम स्ट्रक्चर की निर्माण लागत में कमी आएगी और युवाओं को इस उभरते सेक्टर में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की जरूरत है और हमारे प्रदेश में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य कैबिनेट द्वारा हाल ही में अक्षय ऊर्जा नीति–2023 तथा राजस्थान भू–राजस्व नियम, 2007 के प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इनके अनुसार अब प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए डीएलसी दर के साढ़े सात प्रतिशत पर भूमि का आवंटन किया जा सकेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य में विद्युत तंत्र की मजबूती लिए आरडीएसएस योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ रूपए के कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इससे नए 33 और 11 केवी ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण तथा फीडर सुधार जैसे कार्यों को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को बिजली की निर्बाध आपूर्ति संभव होगी। श्री नागर ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में सस्ती बिजली सुलभ कराने के उद्देश्य से कुसुम योजना को गति दे रही है।

000

राज्य का पूर्ण बजट 10 जुलाई को विधानसभा में पेश किया जाएगा। बजट को लेकर प्रदेश के विभिन्न वर्गों की अलग–अलग अपेक्षाएं हैं। वस्त्र नगरी के नाम से विख्यात प्रदेश के भीलवाडा शहर के लोगों ने भी बजट को लेकर अपनी उम्मीदें जताई हैं। यहां के उद्यमियों और आमजन ने बिजली दरें और वैट की दरें कम करने और भीलवाड़ा में ओवर ब्रिज बनाने सहित कई अन्य मुद्दों के संबंध में अपनी अपेक्षाएं जाहिर की हैं।

-----------------

000

राज्य में कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। बांदीकुई और भरतपुर में सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। चूरू में आज तेज बरसात हुई। जयपुर में कई इलाकों में आज आधा घंटे तक मूसलाधार पानी बरसा। अलवर, मे एक घंटे से ज्यादा बरसात हुई, इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। जैसलमेर में आज कई दिनों बाद बरसात हुई। जिले के मोहनगढ, सम, कुहड़ी, चांधन सहित कई गांवों में जोरदार बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर में कई स्थानों पर और बीकानेर और जोधपुर संभागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर सांसदों, विधायकों और आमजन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण किया। पाली सांसद पीपी चौधरी ने जोधपुर जिले के बिलाडा में एक पेड–मां के नाम अभियान में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। इस दौरान ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने जिले के लाली गांव में पौधा लगाया। जैसलमेर में आदर्श विद्या मन्दिर स्कूल में विधायक छोटू सिंह की मौजूदगी में पौधरोपण किया

गया। शाहपुरा के फूलियांकला क्षेत्र के देवरिया गांव में विधायक लालाराम बैरवा ने एक पेड मां के नाम अभियान में ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया।

000

धौलपुर जिले में सेरनी नदी में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे की तलाश जारी है। ये घटना नादनपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार 5 बच्चे खेलने के लिए नदी के पास गये थे इसी दौरान खेलते समय पैर फिसलने से वे नदी के पानी में चले गये। पानी गहरा होने की वजह से 3 बच्चे डूब गये। दो बच्चे इस दौरान बाहर आ गये।एक बच्चे की मृत्यु मौके पर ही हो गई, दूसरे बच्चे की बाड़ी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। एक बच्चे का अभी तक पता नहीं चल सका है जिसकी तलाश की जा रही है। **उधर** कोटपूतली—बहरोड जिले के बामनवास गांव में एक हादसे में 8 बच्चे घायल हो गये। हादसा उस वक्त हुआ जब एक निजी स्कूल का वाहन बेकाबू होकर दीवार से जा टकराया। घायल बच्चों को बानसूर के निजी अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती करवाया गया है।

000